HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - सिम्भावली **दिनांक 15.05.2026**

- **थाना सिम्भावली पुलिस ने अल्प समय में जनपद बुलन्दशहर निवासी शिवकुमार की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी जीजा सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से अवैध असलहा (एक पिस्टल व एक तमंचा) मय जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त विनय मृतक शिवकुमार का सगा जीजा है, जिसने ससुराल की जमीन हड़पने के उद्देश्य से अपने साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने साले की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी थी।**

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 12.05.2026 को थाना सिम्भावली क्षेत्रान्तर्गत स्याना बार्डर के पास नाले के किनारे एक व्यक्ति का शव उसकी मोटरसाइकिल के साथ पड़ा था, मृतक की शिनाख्त शिवकुमार पुत्र कैलाश निवासी ग्राम करौंजी थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई थी। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था एवं घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 105/26 धारा 103(1) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी जीजा सहित 02 अभियुक्तों को नवादा नहर पुल से बक्सर की ओर जाने वाली पक्की सड़क से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से अवैध असलहा (एक पिस्टल व एक तमंचा) मय जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. विनय कुमार नागर पुत्र सुरेन्द्र नागर उर्फ शुल्लू निवासी ग्राम गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
2. उदयवीर उर्फ उदेश गुर्जर पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी ग्राम गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अवैध पिस्टल मय 02 जिन्दा कारतूस .32 बोर।
2. एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।
3. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल रजि0 नं0 UP 37 V 1819

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुरेश कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री राजवीर सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री यशपाल सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
4. है0का0 595 फरमान अली थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
5. है0का0 417 उदय सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
6. का0 26 सचिन पंवार थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
7. का0 247 अंकित कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।